राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 31 जनवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के संगठन चुनावों के लिये अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पीआरओ श्री संजय निरूपम, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा एवं मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत कल दिनांक 01 फरवरी, 2022 को दोपहर 3:00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर राज्य मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, कांग्रेस पार्टी के विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, वर्तमान एवं निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण, कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान के स्टेट कोर्डिनेटर्स व को-कोर्डिनेटर्स की बैठक लेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में कांग्रेस संगठन के आगामी चुनावों तथा डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की जायेगी। उन्होंने बताया कि बैठक में एपीआरओ श्री संदीप सिंह एवं श्री राजेन्द्र सिंह भी शामिल होंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter